भारत सरकार
संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं0-1137
उत्तर देने की तारीख 16 अगस्त, 2013

ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में ब्राडबैंड सम्पर्कता

1137. डॉ0 वी0 मैत्रेयन :
क्या संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों में वायर लाइन ब्राडबैण्ड कनेक्टिविटी मुहैया कराने एवं विगत पांच वर्षों के दौरान 8,88,832 वायर लाइन ब्राडबैण्ड कनेक्शन मुहैया कराने के लक्ष्य को पाने के लिए पर्याप्त कदम उठाए हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) बीएसएनएल द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में मुहैया कराए गए ब्राडबैण्ड प्रसार का ब्यौरा क्या है; और
(घ) देश में निजी दूरसंचार कंपनियों द्वारा मुहैया कराए गए ब्राडबैण्ड प्रसार का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मिलिंद देवरा)

(क) और (ख): ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में ब्राडबैंड कनेक्टिविटी देने के लिए, सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) ने भारत संचार निगम लि0 (बीएसएनएल) के साथ दिनांक 20 जनवरी, 2009 को एक करार पर हस्ताक्षर किए हैं कि वह ग्रामीण वायरलाइन ब्राडबैंड स्कीम के तहत वर्ष 2014 तक 8,88,832 ब्राडबैंड कनेक्शन देगा। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने इस स्कीम की परियोजना के तहत 30.06.2013 तक 5,05,821 वायरलाइन ब्राडबैंड कनेक्शन दिए हैं। इनका सर्किल-वार विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

(ग) और (घ): वायरलाइन ब्राडबैंड सुविधाओं को लेने वाले ग्राहकों की सख्या में वृद्धि के कारण ग्रामीण और शहरी ग्राहकों हेतु अलग-अलग ब्राडबैंड प्रसारण करना शायद संभव न हो। ग्रामीण वायरलाइन ब्राडबैंड कनेक्शनों हेतु ब्राडबैंड प्रसारण

ग्रामीण वायरलाइन ब्राडबैंड कनेक्शन		
को समाप्त अवधि	**ग्रामीण वायरलाइन ब्राडबैंड कनेक्शन(मिलियन)**	**ग्रामीण वायरलाइन ब्राडबैंड स्कीम,यूएसओएफ के तहत ब्राडबैंड कनेक्शन**
मार्च,2009	0.22	15779
मार्च,2010	0.51	137324
मार्च,2011	0.81	265938
मार्च,2012	0.98	358975
मार्च,2013	1.10	470299

निजी टेलीकॉम प्रचालकों और बीएसएनएल द्वारा पिछले 5 वर्षों के दौरान दिए गए ब्राडबैंड कनेक्शन निम्नलिखित हैं :

को समाप्त अवधि	**निजी प्रचालकों के पास ब्राडबैंड ग्राहकों की संख्या (मिलियन में)**		**बीएसएनएल के पास ब्राडबैंड ग्राहकों की सख्या(मिलियन में)**	
	संख्या	**पिछले वर्ष से हुई वृद्धि का प्रतिशत**	**संख्या**	**पिछले वर्ष से हुई वृद्धि का प्रतिशत**
मार्च,2009	1.96	56.27	3.56	75.03
मार्च,2010	2.54	29.47	5.38	51.16
मार्च,2011	3.41	34.13	7.49	39.22
मार्च,2012	3.83	12.32	8.91	18.96
मार्च,2013	4.04	5.48	9.93	11.45

जारी - 2

अनुबंध -I

टेलीकॉम सर्किल	यूएसओएफ के अधीन प्रस्तावित डीएसएलएएम की कुल संख्या	यूएसओएफ स्कीम के अधीन जून,2013 तक ग्रामीण वायरलाइन ब्राडबैंड कनेक्शन हेतु उपलब्धि
अंडमान और निकोबार	45	281
आंध्र प्रदेश	2665	49179
असम	429	4858
बिहार	1000	6534
छत्तीसगढ़	123	4715
चेन्नै टेलीकॉम जिला	449	1983
गुजरात	1988	31123
हरियाणा	805	12440
हिमाचल प्रदेश	811	7461
जम्मू और कश्मीर	209	2359
झारखंड	291	2953
कर्नाटक	2217	20699
केरल	1143	148029
कोलकाता	354	
मध्य प्रदेश	1982	17873
महाराष्ट्र	4353	37276
पूर्वोत्तर-I	149	1499
पूर्वोत्तर-II	221	4777
ओडीसा	942	15828
पंजाब	1217	36911
राजस्थान	1959	24719
तमिलनाडु	1182	30469
उत्तर प्रदेश(पूर्व)	2273	17261
उत्तर प्रदेश(पश्चिम)	491	6630
उत्तराखंड	341	6554
पश्चिम बंगाल	1387	13410
कुल	**29026**	**505821**

******